# नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद के आरक्षण पर अब जुलाई में सुनवाई संभावित

ग्वालियर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। हाई कोर्ट में सोमवार को उस याचिका पर अंतिम बहस नहीं हो सकी है, जिसमें नगर निगम व नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्षों के पद के आरक्षण पर रोक लगाई है। अब इस याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई संभावित है। हाई कोर्ट में निगम महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्षों के पद आरक्षण को चुनौती देने के लिए पांच जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं।

हाई कोर्ट ने मार्च में दो नगर निगम, 79 नगर पालिका, नगर पंचायत के आरक्षण की प्रक्रिया पर रोक लगाने के बाद शासन से जवाब मांगा था। 10 जून को इन याचिकाओं की सुनवाई चीफ जस्टिस की बेंच ने की थी। शासन का जवाब आने के बाद चीफ जस्टिस ने 21 जून को अंतिम बहस की तारीख निर्धारित की थी। सोमवार को पांचों याचिकाएं अंतिम बहस के लिए लिस्ट थी, लेकिन कोर्ट में अंतिम सुनवाई नहीं हो पाने के कारण अगली तारीख निर्धारित की गई है।

## जवाब-तलब

- हाई कोर्ट में इस मामले में दायर की गई है पांच जनहित याचिकाएं
- मार्च में आरक्षण प्रक्रिया पर रोक के बाद शासन से मांगा था जवाब

शासन ने अपने जवाब में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 243 व नगर पालिका अधिनियम की धारा 29 में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों के जो अध्यक्ष चुने जाते हैं, उनके पदों के आरक्षण का अधिकार शासन को दिया गया है। अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए जो पद आरक्षित किए जाते हैं, वह जनगणना के आधार पर तय किए जाते हैं। जनसंख्या के समानुपात के आधार पर आरक्षण किया जाता है। ऐसा नहीं है कि एक पद आरक्षित हो गया है, उसे दोबारा आरक्षित नहीं किया जा सकता। महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्षों के पद आरक्षित करने में कोई गलती नहीं की गई है। कानून का पालन करते हुए आरक्षण किया गया है। ज्ञात हो कि मानवर्धन सिंह की जनहित याचिका पर आरक्षण पर रोक का आदेश दिया गया था।

# शहर से ज्यादा गांवों में दिखा टीकाकरण का उत्साह

## जिले में 38142 लोगों को लगाया टीका : आलोट में सबसे ज्यादा, रतलाम में सबसे कम




आलोट के टीकाकरण केंद्र के बाहर बनाया गया आकर्षक स्वागत द्वार। ●नईदुनिया



वार्ड क्रमांक-33 में युवक को तिलक लगाते हुए शैलेंद्र डागा। ●नईदुनिया



जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक चेतन्य काश्यप। ●नईदुनिया



रतलाम में टीकाकरण केंद्र पर उपस्थित शहर विधायक चेतन्य काश्यप आदि। ●नईदुनिया



आलोट के शासकीय महाविद्यालय में टीका लगवाती हुई युवती व महिला। ●नईदुनिया



महू रोड स्थित एक्सीलेंट आटोमोबाइल्स पर टीका लगवाती हुई महिला। ●नईदुनिया

### महाअभियान में पहले दिन उम्रवार टीकाकरण की स्थिति


| ब्लाक | पहले दिन का लक्ष्य | 18 से 44 वर्ष | 45 से अधिक | कुल टीके | लगे प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| आलोट | 4000 | 3820 | 1294 | 5115 | 127.88 |
| बाजना | 2720 | 1168 | 276 | 1446 | 53.16 |
| सैलाना | 3200 | 2254 | 509 | 2764 | 86.38 |
| जावरा | 5000 | 4221 | 1066 | 5289 | 105.78 |
| पिपलौदा | 3000 | 2507 | 911 | 3419 | 113.97 |
| रतलाम ग्रामीण | 5580 | 4748 | 1984 | 6735 | 120.70 |
| रतलाम शहर | 17309 | 11837 | 1537 | 13374 | 77.31 |

टीकाकरण महाअभियान उत्सव के रूप में मनाया

# टीकाकरण केंद्रों पर मतदान की तरह जुटे रहे अधिकारी, कार्यकर्तागण

**लक्ष्य से अधिक हुआ टीकाकरण, 37000 लोगों ने लगवाया टीका, कई केन्द्रों पर महिला एवं पुरुषों की रही भीड़**








**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में आज टीकाकरण अभियान उत्सव के रुप में आयोजित हुआ। जिले में 152 टीकाकरण केंद्र बनाए गए है, जहां प्रथम दिन 30 हजार टीके लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसमें 20 हजार टीके रतलाम नगर में लगाने का लक्ष्य है। बिना ऑनलाइन बुकिंग के 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण आज विभिन्न केंद्रों पर किया गया। कई केंद्रों पर भीड़ नहीं थी, जबकि कई केंद्रों पर महिला-पुरुषों की भीड़ देखी गई। सारा प्रशासन इस तरह लगा था जैसे मतदान के दिनों में मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है और मतदान करवाया जाता है। भारतीय जनता पार्टी ने भी मंडल स्तर पर अपने-अपने कार्यकर्ताओं की समितियां बनाकर मेरा बूथ टीकाकरण मुक्त लक्ष्य को लेकर अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण करवाने का कार्य किया।

समाचार लिखे जाने तक 37000 टीके लगाए जा चुके थे। मंगलवार 22 जून को टीकाकरण कार्य नहीं होगा। आलोट तथा ताल में 20 हजार, बाजना तथा सैलाना में 20 हजार, जावरा तथा पिपलौदा में 20 हजार, रतलाम ग्रामीण में 20 हजार तथा रतलाम शहर में सात हजार टीके लगाने का कार्यक्रम बनाया गया है। यह अभियान 21 जून से 6 दिन तक जिले भर में संचालित होगा।

**वैक्सीन लगवाने आए लोगों को तिलक लगाकर माला पहनाई** - वार्ड क्रमांक 33 में महाटीकाकरण अभियान कार्यक्रम का लायंस हाल में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथि अखण्ड ज्ञान आश्रम के स्वामी देव स्वरूप, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर टीका लगवाने आए नागरिकों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर टीकाकरण अभियान की शुरुआत की।

## टीकाकरण शुरू होने से पहले महिला-पुरुषों की कतार लगी

बिरमावल प्रतिनिधि के अनुसार कोरोना संक्रमण को समाप्त करने हेतु चलाए जा रहे टीकाकरण महाअभियान के तहत बिरमावल में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नया बस स्टैंड पर प्रातः 10 बजे से टीकाकरण प्रारंभ हुआ। इस अभियान को सफल बनाने में ग्राम पंचायत मुनादी करवाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने डोर टू डोर सम्पर्क कर ग्रामीण जन प्रेरित किया। टीकाकरण में 18+ युवा वर्ग के 45 + में चुनाव में वोटिंग जैसा उत्साह देखा। टीकाकरण प्रारंभ से पूर्व ही महिला-पुरुषों की कतार लगी। वैक्सीन सेंटर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत द्वारा वैक्सीन सेंटर को गुब्बारों, सेल्फी पॉइंट आदि से सजावट की। टीकाकरण स्थान पर एसडीएम एम.एल.आर्य ने पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण कर उपस्थित नागरिकों से चलचाल जाना और कहा कि आप अपने सभी लोगों को टीकाकरण के लिए तैयार करें। इस अभियान में पंचायत समन्वय अधिकारी मोहनलाल बारोला, ग्राम प्रधान कन्हैयालाल मालवीय, सचिव रूपसिंह बगडावत, पटवारी लक्ष्मीनारायण पाटीदार, पत्रकार सतीशचंद्र अग्रवाल, लक्की परिहार, गोपाल प्रजापति, पुलिस चौकी स्टाफ, राजस्व विभाग व कई जनप्रतिनिधियों ने सेवा प्रदान की। इस दौरान सेंटर पर आई 500 वैक्सीन समय के पूर्व लग गई।

**सैलाना में तीन सेंटरों पर आयोजित हुआ टीकाकरण अभियान** -सैलाना प्रतिनिधि के अनुसार नगर परिषद अध्यक्ष ने कम्युनिटी हॉल जुनावास में सरस्वती पूजन कर टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार, वार्ड पार्षद शांतिलाल पाटीदार, नगर परिषद अधिकारी, कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग अन्य नागरिक उपस्थित हुए। 18 + व दूसरा डोज वैक्सीनेशन कार्यक्रम की शुरुआत करवाई गई। प्रथम टीका लगवाने वाले महानुभाव महिलाओं को हार पहना कर स्वागत सत्कार किया गया। नगर में तीन जगह कम्युनिटी हॉल, जूनावास जैन धर्मशाला, हाई सेकंडरी स्कूल पर वैक्सीन सेंटर बनाए गए हैं। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती नम्रता जितेंद्र सिंह राठौड़ ने तीनों सेंटरों पर जाकर व्यवस्था देखी एवं विभागों के कर्मचारी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। प्रशासन ने सरकार ने जो एक साथ वैक्सीनेशन सेंटर पर नागरिकों के लिए सुविधा उपलब्ध करवाई उन सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वैक्सीन अवश्य लगवाएं यह हमारी आवश्यकता हमारे प्राणों की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है। यह बात सभी नागरिक माता-बहनों से नगर परिषद अध्यक्ष ने कही।

## कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया


### 101 वर्षीय महिला ने टीका लगवाया

**पिपलौदा ●** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पिपलौदा पहुंचकर टीकाकरण के चारो केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था सम्बन्धी जानकारी ली व नगर परिषद द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, तहसीलदार किरण बरवडे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. योगेंद्र सिंह गामड़, मुख्य नपा अधिकारी आरती गरवाल, थाना प्रभारी दीपक मण्डलोई, रविंद्र मालवीय आदि उपस्थित थे। भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश मोगरा के नेतृत्व में कलेक्टर को गणेशजी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मण्डल प्रवक्ता पपुल जैन, नारायण धनगर, रवि वोरा, आजाद जैन, अरविंद शर्मा आदि उपस्थित थे। नगर में 1





हजार टीके का लक्ष्य दिया गया था उससे 83 अधिक लोगों ने टीकाकरण करवाया। नगर परिषद द्वारा सभी केंद्रों पर आकर्षक सजावट के साथ ही आने वाले लोगों के लिए चाय-बिस्किट की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। दिव्यांग 92 वर्षीय रामा कुमसर व 46 वर्षीय रंजीत सिंह ने टीका लगवाकर जागरूकता का संदेश दिया। स्वास्थ्य अधिकारी ने केंद्र से बाहर आकर परिषद में इनका टीकाकरण किया। साथ ही जाट मोहल्ला स्थित केंद्र पर 101 वर्षीय सुहागबाई धनगर ने टीका लगवाया।



वार्ड क्रमांक-आठ के केंद्र के बाहर टीका लगवाने के लिए लगी महिला-पुरुषों की कतार। ● नईदुनिया



सागोद रोड स्थित जैन स्कूल के काश्यप सभागार में टीकाकरण के लिए बैठे युवा। ● नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन के महाअभियान में कुल 1.50 लाख लोगों को टीकाकरण लगाने के लक्ष्य में पहले दिन सोमवार को 38142 लोगों को टीके लगाए गए। पहले दिन के लक्ष्य के मान से 93.49 प्रतिशत जबकि कुल लक्ष्य में 25.43 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया गया। सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक टीकाकरण में खास बात यह रही कि शहर से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में उत्साह देखने को मिला। पहले दिन के लक्ष्य के मान से सर्वाधिक टीके आलोट ब्लाक में लगे। 38142 लोगों में 18 से 44 वर्ष के 30555 व 45 वर्ष से अधिक आयु के 7577 लोग शामिल हैं। जिले में मंगलवार को कहीं भी वैक्सीनेशन नहीं होगा।

मालूम हो कि जिले में महाअभियान के दौरान आलोट, जावरा, रतलाम ग्रामीण में 20-20 हजार व सैलाना, बाजना, पिपलौदा विकासखंड में 10-10 हजार और रतलाम शहर में 60 हजार लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य के मान से पहले दिन आलोट में 25.48, बाजना में 14.46, सैलाना में 27.64, जावरा में 26.45, पिपलौदा में 34.19, रतलाम ग्रामीण में 33.68 व रतलाम शहर में 22.29 प्रतिशत टीकाकरण किया गया सुबह नौ बजे से सभी सेंटरों पर टीकाकरण शुरू किया गया। ग्रामीण अंचलों में सुबह से शाम तक भीड़ लगी रही जबकि शहर में लक्ष्य के मुकाबले धीमी गति से टीकाकरण होने पर दोपहर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने लोगों को केंद्रों तक लाने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इसके बाद टीकाकरण में कुछ तेजी आई। शहर में 52 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए। कई केंद्रों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। डोंगरे नगर बोधि स्कूल पर टीकाकरण के बाद चाय-नाश्ते व निशुल्क सर्टिफिकेट प्रिंट करके देने की व्यवस्था की गई थी। कालिका माता मंदिर धर्मशाला पर डीआइजी सुशांत सक्सेना ने निरीक्षण किया और टीका लगवाने आए लोगों को मास्क भी वितरित किए। नगर के प्रत्येक वार्ड में स्थापित इन केंद्रों पर युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं ने उत्साह दिखाते हुए वैक्सीनेशन कराया। शहर में कई टीकाकरण केंद्रों पर सुंदर सजावट की जाकर आकर्षक स्वरूप दिया गया। कई केंद्रों पर टीका लगाने आने वाले व्यक्तियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया।

**सांसद, विधायकों ने किया प्रेरित**

शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने स्टेशन रोड स्थित उजाला पैलेस में टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष आदित्य डा..., झुग्गी प्रकोष्ठ के संभागीय सहसंयोजक अश्विन जायसवाल की उपस्थिति में किया। इसके बाद अन्य केंद्रों पर जाकर शहरवासियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। सांसद गुमानसिंह डामोर ने करिया तथा उत्कृष्ट विद्यालय सैलाना में निरीक्षण किया। जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे ने कमला नेहरू स्कूल, मच्छी भवन में स्थित टीकाकरण केंद्र पर टीकाकरण कार्य की शुरुआत की। मोती नगर केंद्र का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी गौरव तिवारी भी साथ रहे। कलेक्टर व एसपी ने सैलाना, जावरा तथा आलोट के वैक्सीनेशन केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक वर्ग से लोग बड़े उत्साह के साथ टीकाकरण केंद्र पहुंचे। खासकर युवाओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। टीकाकरण कराने वाले निर्मल अग्रवाल, आसिफ, शाहिन, नरेंद्र कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, बद्रीलाल मौर्य, ललित सेन, प्यारेलाल जमरा ने बताया कि वैक्सीनेशन कराने के बाद हम अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी**

जन अभियान परिषद के माध्यम से मैं कोरोना वालेंटियर अभियान अंतर्गत खुशी एक पहल संस्था द्वारा तैयार जागरूकता रथ का शुभारंभ जमातखाना शेरानीपुरा से शहर विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर गोविंद काकानी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, संस्था के सदस्य, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, करमदी विकास समिति के सदस्य, कुणाल ग्रुप, सुनिधि फाउंडेशन के सदस्य आदि मौजूद रहे।

**अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए विशेष सत्र आज**

अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले जिले के नागरिकों को कोविशील्ड का दूसरा डोज लगाने के लिए मंगलवार को न्यू कलेक्टर कार्यालय महू रोड रतलाम पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में शैक्षणिक प्रयोजन हेतु विदेश यात्रा करने वाले छात्र, रोजगार संबंधी प्रयोजन हेतु विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति, टोक्यो ओलंपिक गेम में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी, एथलीट का टीकाकरण किया जाएगा। इच्छुक हितग्राही को परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण (मोबाइल नंबर 9993988841) के कार्यालय में अपने दस्तावेज प्रमाणित कराना होंगे।

**डीआइजी ने बांटे मास्क**

रतलाम रेंज डीआइजी सुशांत कुमार सक्सेना ने कालिका माता मंदिर परिसर स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा परिसर में उपस्थित नागरिकों को मास्क वितरित किए। सभी से आधार कार्ड या पहचान पत्र लाकर वैक्सीन लगवाने का अनुरोध किया। स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयसिंह चौहान इस दौरान मौजूद थे।

**तिलक लगाकर किया स्वागत**


वार्ड क्रमांक 33 में अखंड ज्ञान आश्रम के स्वामी देवस्वरूप जी, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर महा अभियान का शुभारंभ किया। टीका लगवाने आए नागरिकों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर अभियान की शुरुआत की गई। मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, वार्ड संयोजक संतोष कोलम्बेकर, बूथ प्रभारी प्रदीप राठौड़, हरिंद्र परमार, कार्यकर्ता मनीष शर्मा अंशुल एरन, सुधा मालपानी, अमित रायकवार, आशुतोष चौहान कार्यक्रम में शामिल हुए।

**175 लोगों को लगाए टीके**

कैंप प्रशासन के माध्यम रतलाम ट्रांसपोर्ट आपरेटर एसोसिएशन वे एक्सीलेंट आटोमोबाइल्स द्वारा वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, टीकाकरण प्रभारी वर्षा कुरील, डा. प्रमोद प्रजापति, लोकेश, सिस्टर शकीला खान आदि का स्वागत किया गया। 175 ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों, हम्मालों, ड्राइवरों, हेल्परों, मैकेनिकों का वैक्सीनेशन किया गया। एसोसिएशन के महासचिव प्रदीप छिपानी, वीरेंद्र कुमार श्रीमाल, प्रशांत जैन, मुकेश जैन, प्रधान छिपानी, रितेश छिपानी, हेमंत श्रीमाल, देवेंद्रसिंह चंद्रावत, शैतानसिंह गुर्जर, समाजसेवी मुस्ली भाई पाकावाला, भाजपा टीकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की सविता बहन आदि ने कैंप को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

60%ज्यादा

# एक दिन में सबसे ज



# टीकासन

# 10 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 16 लाख से ज्यादा को लगी वैक्सीन



टीकाकरण को लेकर प्रदेशभर में उ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** साल के सबसे बड़े दिन (13 घंटे 34 मिनट) के करीब 10 घंटे में मध्यप्रदेश ने 16 लाख से ज्यादा लोगों को कोरोना वैक्सीन (टीका) लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। यह एक दिन में पूरे देश में सबसे ज्यादा टीकाकरण है। योग दिवस के अवसर पर शुरू हुए टीकाकरण महाअभियान के पहले दिन प्रदेश में 10 लाख नागरिकों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया था। मतदान की तरह सुबह तो रफ्तार धीमी रही, लेकिन दोपहर बाद टीकाकरण ने ऐसी गति पकड़ी की आंकड़ा लक्ष्य से 60 फीसदी ज्यादा हो गया।


शहर से लेकर गांव तक हर सेंटर पर लोगों की कतारें नजर आईं। इंदौर में 1.80 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 2.18 लाख से ज्यादा टीके लगाए गए। भोपाल में 1.37 लाख से ज्यादा को वैक्सीन लगाई गई।

इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दतिया में पीतांबरा पीठ के दर्शन के बाद महाअभियान का शुभारंभ किया। वे भोपाल के अन्ना नगर क्षेत्र में भी गए। मुख्यमंत्री ने सीहोर के पिपलानी और सिराली गांव का दौरा कर वैक्सीनेशन की स्थिति देखी। सिराली में कुछ अफवाह थी, जिसके चलते लोग टीका लगवाने से कतरा रहे थे। इस पर सीएम ने स्वयं लोगों की शंका दूर की और खड़े रहकर कई व्यक्तियों को टीका लगवाया।

उन्होंने कहा, मेरी जिद है कि जनता को कोरोना की तीसरी लहर से बचाना है। हमें न अपनों को अपनों से बिछड़ने देना है, न काम-धंधा बिगड़ने देना है। कोरोना से बचने का प्रभावी तरीका टीका लगवाना है। यदि टीका लग गया तो बाजार भी खुले रहेंगे और मेहनत-मजदूरी भी चलती रहेगी।

## सरकार को विपक्ष का भी मिला साथ

**कांग्रेस** ने सरकार का बराबरी से साथ दिया। पूर्व सीएम कमलनाथ और कांग्रेस नेता अरुण यादव ने महाअभियान के समर्थन में जनता से अपील की। इसके जवाब में सीएम शिवराज ने भी उनका शुक्रियादा करने में देर नहीं की। सीएम ने कहा, मैंने पहले भी कहा था यह राजनीतिक विषय नहीं है, जनता को बचाने का महाअभियान है, कमलनाथ को मैं अभियान का समर्थन करने के लिए धन्यवाद देता हूं। सीएम ने यादव के ट्वीट को रीट्वीट भी किया।



## यह सिर्फ शुरुआत

अगर मेरा मध्यप्रदेश ठान ले तो किसी भी लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकते हैं। मुझे खुशी हो रही है कि 10 लाख वैक्सीन के डोज लगाने के लक्ष्य को हम पार कर चुके हैं। यह सिर्फ शुरुआत है, हमारा लक्ष्य प्रदेश के सभी वयस्कों को टीका लगाना है। -**शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री**

## ऐसे बढ़

| | |
|---|---|
| सुबह 10 बजे | 60,000 |
| पूर्वान्ह 11 बजे | 1,75,653 |
| दोपहर 12 बजे | 3,37,938 |
| दोपहर 1 बजे | 5,21,920 |
| दोपहर 2 बजे | 7,10,868 |
| दोपहर 3 बजे | 8,00,101 |
| शाम 5 बजे | 12,12,439 |
| शाम 7 बजे | 14,71,899 |
| रात 9 बजे | 16,01,548 |

## सोशल मी

ट्विटर पर दोपह
नामी हस्तियों ने
अपील की। वहीं
और से भी विभि

# डीआईजी ने वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया





प्रतारण न्यूज * रतलाम

जिले में वैक्सीनेशन का महा अभियान शुरू हुआ। रतलाम रेंज डीआईजी सुशांत कुमार सक्सेना कालिका माता मंदिर परिसर स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे निरीक्षण किया तथा परिसर में उपस्थित नागरिकों को मास्क वितरित किए।

उन्हें अपना आधार कार्ड या पहचान पत्र लाकर वैक्सीन लगवाने का अनुरोध किया। स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला इस दौरान मौजूद थे।

## जोनल अधिकारियों ने किया वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण

रतलाम। टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जोनल अधिकारियो की ड्यूटी लगाई थी। जिनके द्वारा संबंधित वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण कर टीकाकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा केन्द्रों में आने वाले लोगों से संवेदनशीलता एवं आदर सत्कार के साथ टीकाकरण का आग्रह करने की भी सलाह कर्मचारियों को दी गई। अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के टीकाकरण केंद्रो का अवलोकन करते हुए वैक्सीन की उपलब्धता तथा नागरिको के प्रथम एवं द्वितीय डोज की वैक्सीन लगवाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। टीकाकरण अभियान 30 जून तक चलेगा, जिनमें लोग अपने सुविधा के अनुसार आकर टीकाकरण कराएं ताकि यह महाअभियान पूर्णतः सफल रहे। इसमें समाज के समस्त वर्गो की सहभागिता अनिवार्य है।

## जिले में टीकाकरण महाअभियान के दौरान प्रत्येक वर्ग में दिखा अपार उत्साह

# जिले में 52 केन्द्रों पर 31 हजार से अधिक व्यक्तियों ने कराया वैक्सीनेशन





# महाअभियान में ड्यूटी देने वाले शिक्षक-कर्मचारी भोजन को तरसे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वैक्सीन का महाअभियान सोमवार से शुरू हुआ। इसमें केंद्रों पर शिक्षक सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। लेकिन केंद्रों पर ड्यूटी देने वाले कर्मचारी भोजन, पानी को तरस गए। कारण केंद्रों पर लोगों की भीड़ लगी होना है।

कई कर्मचारियों की ड्यूटी रजिस्ट्रेशन पर लगाई गई। वहीं कई को वेरिफाई में ड्यूटी लगाई। चूंकि टीकाकरण का काम सुबह से लेकर शाम तक लगातार चला। बीच में लंच भी नहीं मिला। इससे कई कर्मचारी भोजन-पानी को तरस गए। वहीं प्रशासन द्वारा नाश्ता और भोजन की व्यवस्था नहीं की गई। वहीं लंच की भी छुट्टी नहीं मिली। इससे केंद्रों पर ड्यूटी देने वाले कर्मचारी भोजन पानी को तरस गए। सबसे ज्यादा दिक्कत केंद्र के अंदर ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को हुई। जिला प्रशासन द्वारा यदि नाश्ते और भोजन की व्यवस्था की जाती तो कर्मचारियों को दिक्कत नहीं आती। ऐसे में कर्मचारियों ने आगामी दिनों में होने वाले टीकाकरण के दौरान या तो लंच के लिए एक घंटे की छुट्टी देने या फिर भोजन की व्यवस्था करने की मांग की है।

## शिक्षकों के लिए कम से कम भोजन पानी की व्यवस्था तो की जाए

मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सर्वेश माथुर ने बताया हर जगह शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी जाती है। पहले नाकों पर लगा दी गई तो फिर कंट्रोल रूम पर लगा दी। अब वैक्सीनेशन केंद्र पर लगा दी। ड्यूटी से मना नहीं है। लेकिन अफसरों को कर्मचारियों का ख्याल भी तो रखना चाहिए कि 9 घंटे यदि कोई ड्यूटी देगा तो उसे भोजन पानी मिल रहा है या नहीं है। यदि भोजन की व्यवस्था नहीं की जाती है तो कम से कम उसे लंच का समय देना चाहिए ताकि वो अपनी व्यवस्था कर लंच तो कर सकें।

# बारिश को लेकर तैयारी 8 आश्रय स्थल बनाए

रतलाम | मानसून सीजन में भारी बारिश से होने वाली स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम ने तैयारी कर ली है। शहर में आठ आश्रय स्थल बनाकर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जर्जर और ऐसे भवन जो बारिश में गिर



## टीकाकरण का शुभारंभ किया

रतलाम। वार्ड क्रमांक 33 मे महा टीकाकरण अभियान कार्यक्रम लायंस हाल में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथि अखण्ड ज्ञान आश्रम के स्वामी श्री देव स्वरूप जी, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया। इसके पश्चात उन्होंने टीका लगवाने आए नागरिको को तिलक लगाकर और माला पहनाकर टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, वार्ड संयोजक संतोष कोलम्बेकर, बुत प्रभारी प्रदीप राठौड़, हीरेंद्र परमार, कार्यकर्ता मनीष शर्मा, अंशुल एरन, सुधा मालपानी, अमित रायकवार, आशुतोष चौहान कार्यक्रम मे शामिल हुए और टीका लगाने आए नागरिको से निवेदन किया कि आपके आसपास रहने वाले लोगों को कहे की बिना रजिस्ट्रेशन करें। आधार कार्ड ले जाकर 18 वर्ष से अधिक आयु के उम्र के लोगो को टीकाकरण करवाएं। जिनका टीकाकरण नही हुआ है उन लोगों से जनता से अपील है कि अपना टीकाकरण करवाएं और कोविड–19 को हराने मे मदद करें। जिसमे अपने और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

## विधायक ने टीकाकरण के लिए शहरवासियों को किया प्रेरित



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए सोमवार को टीकाकरण महाअभियान का रतलाम में भी विभिन्न स्थानों पर आयोजन हुआ। शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने स्टेशन रोड स्थित उजाला पैलेस में टीकाकरण का शुभारंभ किया। भाजपा जिला टीकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी, आईटी सेल के प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल साथ रहे।

उजाला पैलेस में विधायक काश्यप के साथ मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, झुग्गी प्रकोष्ठ के संभागीय सहसंयोजक अश्विन जायसवाल की उपस्थित रहे। काश्यप ने थिरियाखेड़ी स्थित सिंधी गुरुद्वारा में पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष मयूर पुरोहित की उपस्थिति में टीकाकरण अभियान में शामिल हुए। इसके बाद वे विनोबा नगर में रामदास पब्लिक स्कूल पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने गुरुद्वारा पहुंचकर अरदास भी की। इस दौरान ज्ञानी मानसिंह, अम्बेडकर मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या मौजूद रहे। माहेश्वरी धर्मशाला में काश्यप ने पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, समाज अध्यक्ष व पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा के साथ टीकाकरण अभियान का जायजा लिया।

## टीकाकरण महाअभियान के लिए स्थापित केंद्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नागरिकों का सहयोग किया

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से रतलाम को संपूर्ण टीकाकरण युक्त करने के लिए आज योग दिवस पर टीकाकरण महाअभियान की शुरुआत जिले भर में 150 केन्द्रों पर तथा रतलाम शहर में 52 स्थानों पर की गई। टीकाकरण अभियान में नागरिकों का उत्साह देखने को मिला।

विभिन्न टीकाकरण केंद्र पर भाजपा नेता पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता टीकाकरण के लिए निर्धारित समय से पहले ही मुस्तैद हो गये थे। सुबह से लेकर शाम तक भाजपा नेता टीकाकरण केंद्र पर टीका लगवाने आने वाले नागरिकों का सहयोग करते देखे गये। इस अवसर पर क्षेत्रिय सांसद गुमानसिंह डामोर, शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पांण्डे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा, पूर्व विधायक श्रीमति संगीता चारेल, जितेन्द्र गेहलोत, भाजपा जिला पदाधिकारी मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अरुण राव, मनोज शर्मा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नीलेश गांधी, आदित्य डागा, करणधीर्य बड़गोत्या, कृष्ण कुमार सोनी, अभय जैन, प्रहलाद पटेल, प्रकाश बंशीवाल, श्रीमति सोनू नेका, धर्मेन्द्र देवड़ा सहित सेंकड़ो कार्यकर्ता नागरिको को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करते रहे।

# हाईकोर्ट ने मांगा निजी अस्पतालों में कोरोना के इलाज के रेट का ब्योरा

## कोर्ट मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ को दिया निर्देश, 5 जुलाई को अगली सुनवाई

जबलपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने कोर्ट मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ को निर्देश दिया है कि राज्य के निजी अस्पतालों में कोरोना के इलाज के रेट का ब्योरा पेश किया जाए। मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक व जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई पांच जुलाई को निर्धारित की है।




सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता नागरथ ने कहा कि राज्य सरकार ने कोरोना के इलाज के रेट जरूरत से ज्यादा तय कर दिए हैं। प्रदेश में ऐसे कई अस्पताल हैं, जिनके रेट सरकार द्वारा तय रेट से कम हैं। इस पर डिवीजन बैंच ने राज्य सरकार को निजी अस्पतालों के रेट का ब्योरा पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट मित्र ने सुझाव दिया है कि प्रदेश के जिला अस्पतालों में न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित की जाना चाहिए, ताकि प्रदेश भर के जिला अस्पतालों में एकरूपता बनी रहे। सभी जिला अस्पतालों में आइसीयू, आक्सीजन और एम्बुलेंस की सुविधा होना चाहिए।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट मित्र ने यह मामला उठाया था कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान 204 वेंटिलेटर डिब्बों में बंद थे, उनका उपयोग ही नहीं किया गया। राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश कर बताया गया कि प्रदेश में 11 मई को कोरोना के पीक पर एक दिन में एक लाख 11 हजार 366 केस आए थे। उस दौरान प्रदेश में 1370 वेंटिलेटर चालू और कार्यरत थे। उनमें से केवल 517 वेंटिलेटर का ही उपयोग किया गया। सुनवाई के बाद डिवीजन बैंच ने मामले की अगली सुनवाई पांच जुलाई को निर्धारित की है।

### 51 जिलों में अक्टूबर तक लग जाएंगी सीटी स्कैन मशीन

जबलपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से अवगत कराया गया कि चार अक्टूबर तक नवगठित जिला निवाड़ी को छोड़कर शेष सभी 51 जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन मशीन लग जाएंगी। मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक व जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की युगलपीठ ने सरकार के बयान को रिकॉर्ड पर ले लिया। अगली सुनवाई पांच जुलाई निर्धारित की गई है। कटनी जिला एनएसयूआइ के अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा की ओर से कटनी सहित प्रदेश के अन्य जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन मशीन लगाने के लिए जनहित याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता योगेश सोनी ने तर्क दिया कि राज्य सरकार की ओर से पूर्व में दिए गए जवाब में कहा गया था कि जिला अस्पताल में आयुष्मान, दीनदयाल और बीपीएल कार्ड धारकों का निशुल्क सीटी स्कैन किया जाएगा। गरीब रेखा से ऊपर वाले मरीजों से 933 रुपये लिया जाएगा। इसके बाद भी कटनी जिला अस्पताल में गरीबी रेखा से ऊपर वाले मरीजों से ढाई हजार रुपये लिए जा रहे हैं। इस पर राज्य सरकार की ओर से पेश जवाब में कहा गया कि गरीबी रेखा से ऊपर के उन मरीजों से ढाई हजार रुपए लिए जा रहे हैं, जो निजी चिकित्सकों के परामर्श से सीटी स्कैन कराने आ रहे हैं।

# संदेश ठीक नहीं : ये हमारे सांसद हैं, इनके लिए न दो गज की दूरी, न मास्क जरूरी





**यह गलत है**

रतलाम | विश्व योग दिवस के अवसर पर हनुमान ताल पर सांसद गुमान सिंह डामोर कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन सार्वजनिक कार्यक्रम में करते नजर आए। सोमवार सुबह पतंजलि युवा भारत जिला रतलाम व भाजपा मुखर्जी मंडल द्वारा योग औषधि पौधों का वितरण का कार्यक्रम क्षेत्रीय सांसद गुमान सिंह डामोर की उपस्थिति में रखा गया था। इस दौरान मौजूदा भाजपा नेताओं ने सोशल डिस्टेंस की अनदेखी के साथ मास्क भी नहीं लगाए। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग पुरोहित, महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित व अन्य भाजपा नेता मौजूद थे। फोटो-राकेश पोरवाल

**रूल ऑफ सिक्स की अनदेखी:** प्रशासन ने इसके पालन के निर्देश दिए हैं पर जिम्मेदार ही भूल गए हैं।

## सांसद, विधायकों एवं कलेक्टर ने वैक्सीनेशन केंद्रों पर पहुंचकर किया निरीक्षण

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

राज्य शासन द्वारा संचालित टीकाकरण महाअभियान के तहत जिले में भी टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ 21 जून को हुआ। प्रातः 9 बजे से ही जिले के सभी वैक्सीनेशन सेंटरों पर अस्पताल का स्टाफ अपनी वैक्सीन लेकर पहुँच चुके थे, उसके बाद जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, वैसे-वैसे लोग अपने अपने घरों से निकलकर अपने वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे और अपना वैक्सीनेशन करवाया। जिले में शाम 6 बजे तक 31,950 व्यक्ति वैक्सीनेशन करा चुके थे।

टीकाकरण महाअभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन कार्य हो सके, इसके लिए जिला मुख्यालय पर 52 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए। नगर के प्रत्येक वार्ड में स्थापित इन केन्द्रों पर युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं ने उत्साह दिखाते हुए वैक्सीनेशन कराया।

शहर में कई टीकाकरण केंद्रों पर सुंदर सजावट की जाकर आकर्षक स्वरूप दिया गया। कई केंद्रों पर टीका लगाने आने वाले व्यक्तियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। लोगों का टीकाकरण होने के बाद उन्हें लगने वाले डोज की जानकारी दी गई एवं दूसरी डोज कब लगनी है, की भी जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही बुखार आने की स्थिति में पेरासिटामोल टेबलेट का वितरण भी वैक्सीनेशन सेंटर से किया गया।

सांसद गुमानसिंह डामोर ने करिया तथा उत्कृष्ट विद्यालय सैलाना में स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण किया। रतलाम शहर के उजाला पैलेस स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर शहर विधायक श्री चैतन्य काश्यप ने टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडे ने कमला नेहरू स्कूल, मच्छी भवन में स्थित टीकाकरण केंद्र पर टीकाकरण कार्य की शुरुआत की।

मोती नगर रतलाम स्थित टीकाकरण केंद्र का कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाएं देखी। सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी साथ थे।

कलेक्टर तथा एसपी सैलाना, जावरा तथा आलोट के वैक्सीनेशन केंद्रों पर भी पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक वर्ग से लोग बड़े उत्साह के साथ टीकाकरण केंद्र पहुंचे तथा अपना आधारकार्ड दिखाते हुए टीकाकरण कराया। खासकर युवाओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। टीकाकरण कराने वाले निर्मल अग्रवाल, आसिफ, शाहिन, नरेंद्र कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, बद्रीलाल मौर्य ललित सेन, प्यारेलाल जमरा ने बताया कि वैक्सीनेशन कराने के बाद हम अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निःशुल्क टीकाकरण कराया जा रहा है, इसके लिए सरकार धन्यवाद की पात्र है।

उन्होंने जिलेवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण महाअभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। कोविड 19 से बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग टीकाकरण कराए, तभी हम परिवार, समाज, जिला एवं प्रदेश को सुरक्षित रख पायेंगे।


## 'मैं कोरोना वॉलेंटियर्स' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रथ विधायक काश्यप द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

### वॉलेंटियर्स द्वारा टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीनेशन लगवाने आने वालों का अभिवादन किया और घर-घर जाकर वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित किया

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

म.प्र.जन अभियान परिषद जिला रतलाम अंतर्गत मैं कोरोना वॉलेंटियर्स अभियान 21 जून वैक्सीनेशन महाअभियान में, मैं कोरोना वॉलेंटियर्स अभियान अंतर्गत जागरूकता रथ का शुभारंभ जमातखाना सैलानीपुरा से शहर विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर गोविंद काकानी, म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय उपस्थित रहे।

उक्त जागरूकता रथ को खुशी एक पहल संस्था द्वारा तैयार कराया गया था। रथ को शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर घुमाया गया ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर वैक्सीनेशन के लिये प्रेरित किया जा सकें। साथ ही 51 वॉलेंटियर्स की टोली ने वैक्सीनेशन सेंटर पर वैक्सीन लगवाने आने वालों का ताली बजाकर अभिवादन किया तथा घर-घर जाकर वैक्सीनेशन के लिये प्रेरित किया और केन्द्रों पर वैक्सीन लगवाने वालों को विलेज की कालम का वितरण भी किया गया।



इस अवसर पर खुशी एक पहल संस्था के सदस्य, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, करमदी विकास समिति के सदस्य, कुणाल ग्रुप, सुनिधि फाउंडेशन के सदस्य सहित म.प्र. जन अभियान परिषद के कोरोना वॉलेंटियर्स अभियान से जुड़े वालेंटियर्स उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कोविशिल्ड के दूसरे डोज़ के टीकाकरण का विशेष सत्र मंगलवार को

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों का कोविड-19 कोविशिल्ड दूसरे डोज़ टीकाकरण के लिए विशेष सत्र का आयोजन मंगलवार 2 जून को न्यू कलेक्टर कार्यालय महू रोड रतलाम पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

सत्र में शैक्षणिक प्रयोजन हेतु विदेश यात्रा करने वाले छात्र, रोजगार संबंधी प्रयोजन हेतु विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति, टोक्यो ओलंपिक गेम में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी, एथलीट का टीकाकरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विशेष सत्र के दौरान अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले पात्र हितग्राही कोविशिल्ड संबंधी दूसरा टीका का डोज 28 दिन के अंतराल पर लगाया जाएगा। टीका लगवाने के लिए इच्छुक हितग्राही को परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण (मोबा.नम्बर 9993988841) के कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दस्तावेज वेरीफाई कराने होंगे।

शिक्षण उद्देश्य के लिए प्रवेश प्रस्ताव अथवा सम्बद्ध औपचारिक दस्तावेज, क्या व्यक्ति पूर्व से ही किसी विदेशी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत है, अध्ययन को सतत रखने हेतु विदेश यात्रा करना चाहता है, रोजगार संबंधी साक्षात्कार अथवा ऑफर लेटर, टोक्यो ओलंपिक गेम्स में सम्मिलित होने हेतु नामांकन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगे। अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोग दस्तावेज वेरीफाई कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर न्यू कलेक्ट्रेट में केवल 28 दिन के अंतराल पर कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगवा सकते है।

यह सुविधा केवल उल्लेखित श्रेणियों के लोगों के लिए ही मान्य रहेगी। उपरोक्त के अलावा मंगलवार को रतलाम जिले में कोविड-19 का टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

## गुणवत्ता जांच के लिए समिति गठित

रतलाम ●कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने त्रिवेणी मुक्तिधाम गेट तक निर्मित सड़क डामरीकरण की गुणवत्ता जांच के लिए 2 सदस्यीय समिति गठित की है। बताया गया है कि पहली बारिश में ही सड़क खराब होने की शिकायत प्राप्त हुई है। इससे प्रतीत होता है कि कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ है। कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपेश गुप्ता तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री अनूप मिश्रा सम्मिलित है। समिति सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता आदि की विस्तृत जांच करके अपना प्रतिवेदन सात दिवस में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

मंगलवार को कोविशिल्ड का लगेगा दूसरा डोज

# अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वालों के लिए दूसरे डोज का विशेष सत्र

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों का कोविड-19 कोविशिल्ड दूसरे डोज टीकाकरण के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह सत्र मंगलवार 2 जून को न्यू कलेक्टर कार्यालय महू रोड रतलाम पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

सत्र में शैक्षणिक प्रयोजन के लिए विदेश यात्रा करने वाले छात्र, रोजगार संबंधी प्रयोजन के लिए विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति, टोक्यो ओलंपिक गेम में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी, एथलीट का टीकाकरण किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले हितग्राही कोविशिल्ड दूसरा टीका का डोज 28 दिन के अंतराल पर लगाया जाएगा। परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण के कार्यालय में दस्तावेज सत्यापित कराने होंगे। शिक्षण उद्देश्य के लिए प्रवेश प्रस्ताव अथवा संबध्द औपचारिक दस्तावेज, क्या व्यक्ति पूर्व से ही किसी विदेशी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत है, अध्ययन को सतत रखने के लिए विदेश यात्रा करना चाहता है, रोजगार संबंधी साक्षात्कार या ऑफर लेटर, टोक्यो ओलंपिक गेम्स में सम्मिलित होने के लिए नामांकन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगे। अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोग दस्तावेज सत्यापित कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर न्यू कलेक्ट्रेट में केवल 28 दिन के अंतराल पर कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगवा सकते हैं। यह सुविधा केवल उल्लेखित श्रेणियों के लोगों के लिए ही मान्य रहेगी। उपरोक्त के अलावा मंगलवार को रतलाम जिले में कोविड-19 का टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

विशेष शिविर आज

# विदेश जाने वालों को 28 दिन में कोविशील्ड का दूसरा टीका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

विदेश जाने वाले लोगों के लिए कोविड टीकाकरण का विशेष सत्र मंगलवार को लगाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया विशेष शिविर न्यू कलेक्टोरेट कार्यालय में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लगेगा। इस सत्र में शैक्षणिक प्रयोजन के लिए विदेश यात्रा करने वाले छात्र, रोजगार के लिए विदेश यात्रा करने वाले लोग, टोक्यो ओलंपिक गेम में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को टीके लगेंगे।



विशेष सत्र में पात्र हितग्राही को कोविशिल्ड संबंधी दूसरा टीका का डोज 28 दिन के अंतराल में लगाया जाएगा। टीका लगवाने के लिए इच्छुक हितग्राही को परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण (मो. 9993988841) के कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दस्तावेज का सत्यापन करवाना होगा। शिक्षण उद्देश्य के लिए प्रवेश प्रस्ताव या संबद्ध औपचारिक दस्तावेज, क्या व्यक्ति पहले से ही किसी विदेशी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत है, अध्ययन को सतत रखने के लिए विदेश यात्रा करना चाहता है, रोजगार संबंधी साक्षात्कार या ऑफर लेटर, टोक्यो ओलंपिक गेम्स में शामिल होने के लिए नामांकन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगे। यात्रा करने वाले लोग दस्तावेज सत्यापन करवाकर प्रमाण पत्र लेकर न्यू कलेक्टोरेट में सिर्फ 28 दिन के अंतराल में कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगवा सकते हैं।

# टीकाकरण महाअभियान : 6 बजे तक 31 हजार 950 को लगाई वैक्सीन

## सांसद, विधायकों एवं कलेक्टर ने वैक्सीनेशन केंद्रों पर पहुंचकर किया निरीक्षण





रतलाम। राज्य शासन द्वारा संचालित टीकाकरण महाअभियान के तहत जिले में भी टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ सोमवार को हुआ। प्रातः 9 बजे से ही जिले के सभी वैक्सीनेशन सेंटरों पर अस्पताल

### ▸ जिले में टीकाकरण महाअभियान को लेकर दिखा अपार उत्साह

का स्टाफ अपनी वैक्सीन लेकर पहुँच चुके थे, उसके बाद जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, वैसे-वैसे लोग अपने अपने घरों से निकलकर अपने वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे और अपना वैक्सीनेशन करवाया। जिले में शाम 6 बजे तक 31,950 व्यक्ति वैक्सीनेशन करा चुके थे।

टीकाकरण महाअभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन कार्य हो सके, इसके लिए जिला मुख्यालय पर 52 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए। नगर के प्रत्येक वार्ड में स्थापित इन केन्द्रो पर युवाओ, बुजुर्गो, महिलाओं ने उत्साह दिखाते हुए वैक्सीनेशन कराया। शहर में कई टीकाकरण केंद्रों पर सुंदर सजावट की जाकर आकर्षक स्वरूप दिया गया। कई केंद्रों पर टीका लगाने आने वाले व्यक्तियों का पुष्पहारो से स्वागत किया गया। लोगों का टीकाकरण होने के बाद उन्हें लगने वाले डोज की जानकारी दी गई एवं दूसरी डोज कब लगनी है, की भी जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही बुखार आने की स्थिति में पैरासिटामोल टेबलेट का वितरण भी वैक्सीनेशन सेंटर से किया गया। सांसद गुमानसिंह डामोर ने करिया तथा उत्कृष्ट विद्यालय सैलाना में स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण किया। रतलाम शहर के उजाला पैलेस स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडे ने कमला नेहरू स्कूल, मच्छी भवन में स्थित टीकाकरण केंद्र पर टीकाकरण कार्य की शुरुआत की। मोती नगर रतलाम स्थित





टीकाकरण केंद्र का कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाएं देखी। सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी साथ थे।

कलेक्टर तथा एसपी सैलाना, जावरा तथा आलोट के वैक्सीनेशन केंद्रों पर भी पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक वर्ग से लोग बड़े उत्साह के साथ टीकाकरण केंद्र पहुंचे तथा अपना आधारकार्ड दिखाते हुए टीकाकरण कराया। खासकर युवाओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। टीकाकरण कराने वाले निर्मल अग्रवाल, आसिफ, शाहिन, नरेंद्र कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, बद्रीलाल मौर्य ललित सेन, प्यारेलाल जमरा ने बताया कि वैक्सीनेशन कराने के बाद हम अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा निःशुल्क टीकाकरण कराया जा रहा है, इसके लिए सरकार धन्यवाद की पात्र है। उन्होने जिलेवासियो से भी अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण महाअभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। कोविड 19 से बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग टीकाकरण कराए, तभी हम परिवार, समाज, जिला एवं प्रदेश को सुरक्षित रख पायेगे।

एचडीयू एवं नान आक्सीजन बेड के वार्ड हुए पूरी त पूरी तरह खाली, सिर्फ 8 पॉजिटिव सहित कुल 22 मरीज भर्ती

# कोरोना की धीमी पड़ी रफ्तार, पॉजिटिव केस आना भी कम

## मेडिकल कॉलेज में सिर्फ 8 पॉजिटिव सहित कुल 22 मरीज भर्ती

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर की थमती रफ्तार के बीच अब मेडिकल कॉलेज का हॉस्पिटल लगभग पूरी तरह से खाली होने की कगार पर आ गया है। वर्तमान में सिर्फ 22 मरीज भर्ती हैं जिनमें से महज 8 मरीज ऐसे हैं जो कि कोरोना पॉजिटिव है जबकि शेष मरीज अन्य समस्या से ग्रसित है। 550 बेड के इस मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल वर्तमान स्थिति को देखकर यह कोई नहीं कह सकेगा कि यह वही अस्पताल है, जहां एक माह पहले तक पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

मेडिकल कॉलेज से सोमवार को दो मरीजों को डिस्चार्ज किया तथा चार नए मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बेड में से 14 पर मरीज भर्ती हैं एचडीयू वार्ड के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त ऑक्सीजन बेड 180 है जिनमें से आठ पर मरीज भर्ती हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में कुल 528 बेड पूरी तरह से रिक्त हैं।

### रेमडेसिविर भी है उपलब्ध

कोरोना की दूसरी लहर में मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच जहां रेमडेसिविर के लिए लोग भटक रहे थे और ब्लैक में भी उन्हें उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। उसके ठीक विपरीत वर्तमान समय में मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में 56 रेमडेसिविर इंजेक्शन अब भी उपलब्ध है। मरीजों की संख्या बढ़ने पर जिले में कुल 7580 इंजेक्शन आए थे जिनमें से, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557 है कंज्यूम्ड 5967 रहे। इसके अतिरिक्त करंट स्टॉक में 56 है।

### रविवार को एक भी पॉजिटिव नहीं

लंबे अंतराल के बाद मेडिकल कॉलेज से आने वाली कोरोना जांच रिपोर्ट में रविवार को एक भी पॉजिटिव सामने नहीं आया जो कि राहत देने वाली बात है। बात करें बीते 1 सप्ताह की तो इस दौरान मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है जो कि रतलाम की बेहतर स्थिति को बयां कर रही है। अब लोगों को भी जागरूक रहने की जरूरत है नहीं तो यह रफ्तार फिर से बढ़ सकती है।

**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| 190729 | कुल जांच |
| 17465 | कुल मरीज |
| 17002 | मरीज डिस्चार्ज |
| 311 | कुल मौत |
| 152 | एक्टिव केस |
| 08 | पॉजिटिव भर्ती |

## मेडिकल कॉलेज : एचडीयू और नॉन ऑक्सीजन बेड पर एक भी मरीज नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम मेडिकल कॉलेज के हालात अब सुधर चुके है। सोमवार को कॉलेज के एचडीयू और नॉन ऑक्सीजन बेड पर एक भी मरीज नहीं था। यह अच्छी बात है क्योंकि मई में हालात ऐसे थे कि कॉलेज में एक भी बेड खाली नहीं था।

मेडिकल कॉलेज में अब सन्नाटा पसरा हुआ है। सोमवार को कॉलेज में सिर्फ 22 मरीज ही भर्ती थे। इनमें भी 8 मरीज कोरोना पॉजिटिव हैं। सोमवार को 2 मरीजों को कॉलेज से डिस्चार्ज किया गया तो 4 नए मरीज भी भर्ती किए गए। कॉलेज में 550 बेड हैं, इसमें से 528 बेड अभी खाली हैं। आईसीयू के 56 बेड हैं, इसमें 14 पर मरीज भर्ती हैं। एचडीयू के सभी 172 बेड खाली हैं, वहीं ऑक्सीजन के 180 बेड में से 8 बेड पर मरीज भर्ती हैं। नॉन ऑक्सीजन के सभी 142 बेड खाली हैं।

## मेडिकल कॉलेज के एचडीयू एवं नान आक्सीजन बैड्स अब नहीं कोई

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल में एचडीयू एवं नॉन ऑक्सीजन बेड्स पूरी तरह रिक्त हो गए हैं । यहां आज की स्थिति में केवल 22 पेशेंट भर्ती हैं, जिनमें से आठ कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं । मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 2 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया तथा 4 नये मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 14 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से आठ पर पेशेंट भर्ती हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 528 बैड्स रिक्त हैं । रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है।

## एचडीयू एवं नान आक्सीजन बैड्स पूरी तरह रिक्त हुए

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल में एचडीयू एवं नॉन ऑक्सीजन बेड्स पूरी तरह रिक्त हो गए हैं । यहां आज की स्थिति में केवल 22 पेशेंट भर्ती हैं, जिनमें से आठ कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं । मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 2 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया तथा 4 नये मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 14 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से आठ पर पेशेंट भर्ती हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 528 बैड्स रिक्त हैं । रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है।

## टीका



**दिव्यांग ने दिखाया जोश....** शेरानीपुरा जमात खाने में टीकाकरण के लिए ट्राईसाईकिल पर पहुंचा दिव्यांग।

**टीकाकरण के महाअभियान के तहत पहले दिन शाम 7 बजे तक 37000 लोगों को लगा टीका**

# दूल्हे से लेकर दिव्यांग तक ने महाअभियान में लगवाया टीका

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. प्रदेशभर के साथ रतलाम में भी सोमवार को टीकाकरण के महा अभियान की शुरुआत हुई। टीकाकरण को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। टीकाकरण केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग का अमला पहुंचता, उसके पहले लोग कतार लगाकर टीका लगवाने के लिए खड़े हो गए थे। टीकाकरण का उत्साह इस कदर था कि शादी के पहले एक तरफ दूल्हा तो दूसरी तरफ कई दिव्यांगजन भी केंद्रों पर पहुंचकर टीका लगवाते नजर आए। अभियान के पहले सुबह 9 बजे टीकाकरण शुरू हुआ। शाम 7 बजे तक 37000 लोगों के द्वारा टीकाकरण कराया गया। वैक्सीनेशन के लिए जिला मुख्यालय पर 52 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए, जिलेभर में कुल 152 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया गया।



उजाला पैलेस स्थित केंद्र का शुभारंभ करते शहर विधायक चैतन्य काश्यप।

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में केंद्रों पर उत्साह की कतार लगी नजर आई। लोग घंटों तक टीका लगवाने के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। सबसे बड़ी बात यह है कि सभी लोगों ने संयम बनाए रखा और केंद्रों पर कोरोना गाइड लाइन का भी पालन किया गया।

### स्वागत में बजी तालियां

शहर सहित ग्रामीण अंचल में जन अभियान परिषद से जुड़े सदस्यों के द्वारा टीकाकरण केंद्रों के बाहर जमा होकर टीका लगवा कर बाहर निकलने वाले हितग्राहियों के स्वागत और सम्मान में तालियां बजाई गई। इसके माध्यम से इनके द्वारा सभी लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया जिससे कि अधिक से अधिक लोग टीका लगवा सकें और कोरोना को हराने में अपना योगदान दें।

### विधायक काश्यप ने काटा फीता

टीकाकरण को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए कुछ स्थानों पर केंद्रों को शादी के मंडप की तरह सजाया गया था जो कि आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। शहर के स्टेशन रोड पर उजाला पैलेस स्थित केंद्र पर वैक्सीनेशन का शुभारंभ शहर विधायक चैतन्य काश्यप के द्वारा फीता काटकर किया गया। यहां भी हितग्राहियों के लिए काफी बेहतर व्यवस्था नजर आई।

# यादा डोज देने में मध्यप्रदेश सबसे आगे



साह नजर आया। पूरे राज्य में बनाए गए 7 हजार केन्द्रों पर दिनभर कतारें लगी रहीं। इंदौर में मतदान के जैसा नजारा था। फोटोः रविन्द्र सेठिया


## ता गया टीकाकरण

| र ने बाजी मारी | | श्योपुर में सबसे कम | |
|---|---|---|---|
| र | 2,18,448 | श्योपुर | 5067 |
| ल | 1,37,052 | आलीराजपुर | 5387 |
| न | 99,840 | पन्ना | 5494 |
| पुर | 61,807 | आगर | 6368 |
| यर | 60,288 | उमरिया | 6484 |


| 9 बजे ाक की स्थिति | |
|---|---|
| सोमवार को टीकाकरण | 16,01,548 |
| कुल टीकाकरण | 1,65,59,216 |
| पहला डोज | 1,44,26,820 |
| दूसरा डोज | 21,32,396 |



### ब तक इन्हें लगे टीके




### वैक्सीन लगवाने में पुरुष आगे




## डिया पर छाया अभियान

में टॉप-3 ट्रेंड में टीकाकरण अभियान का हैशटैग रहा। कई
देश के अभियान का समर्थन कर लोगों से टीका लगवाने की
टीका लगवाने वालों के बयान के साथ फोटो-वीडियो सरकार की
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किए गए।

पत्रिका लाइव रिपोर्ट **अजब-गजब**

### मुख्यमंत्री ने जिसे दिए पीले चावल, वह पहले लगवा चुका वैक्सीन

**सतीष उवैनिया @ वतिया.** परासरी गांव में सीएम ने टीका लगवाने के लिए जिस बुजुर्ग रामभरोसे प्रजापति को पीले चावल और आमंत्रण पत्र दिया, उन्हें दो माह पहले डोज लग चुका है। वे दूसरी खुराक का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासनिक लापरवाही से ऐसा हुआ।

### सतना में पीएम मोदी की तस्वीर पर चढ़ा दी माला

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय विद्यालय खूंथी के केंद्र पर शुभारंभ के दौरान अतिथियों ने महात्मा गांधी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर पर माला चढ़ा दी। साथ ही मोमबत्ती भी जलाई।

### बारात से दुल्हन लेकर लौट रहे दूल्हे को रोककर लगवा दी वैक्सीन



**शहडोल.** शादी के बाद दुल्हन लेकर लौट रहे दूल्हे को भी अफसरों ने रोककर टीका लगवा दिया। जयसिंहनगर में पुलिस चैकिंग के दौरान बारात लेकर लौट रहे दूल्हे से पुलिस ने पूछताछ की। इस दौरान उसने बताया कि अब तक वैक्सीन नहीं लगवाई है। बाद में पुलिस ने बारात वाहन के साथ ही दूल्हे को वैक्सीनेशन सेंटर भेज दिया। यहां पर दूल्हे को टीका लगाने के बाद रवाना किया गया।

## देश में भी रेकॉर्ड 82.70 लाख को वैक्सीन

**नई दिल्ली.** नई गाइडलाइन के हिसाब से टीकाकरण के नए चरण का सोमवार को आगाज हुआ। देशभर में 82 लाख 70 हजार से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इससे पूर्व अप्रेल में एक दिन में 43 लाख नागरिकों को टीके लगाए गए थे।

## धोलावड़ डेम का जलस्तर 384.20 मीटर

# इस बार पिछले साल से 0.50 मीटर कम पानी, पिछले साल सितंबर तक हो गया था फुल

### इस बारिश के सीजन में पहली बार 0.20 मीटर ही बढ़ा है जलस्तर

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

शहर में धोलावड़ डेम में अभी 384.20 मीटर पानी है। यह पिछले साल से कम है, क्योंकि पिछले साल 21 जून तक डेम का जलस्तर 384.70 मीटर था। यानी 0.50 मीटर ज्यादा।

जिले में बारिश का दौर शुरू हो चुका है। तीन दिन में जिले में 61.7 मिमी यानी 2.42 इंच बारिश हो चुकी है। इसी बीच धोलावड़ डेम का जलस्तर भी 0.10 मीटर बढ़ गया है। 18 जून को जलस्तर 384.10 मीटर था जोकि 384.20 मीटर पर आ गया, डेम को अभी फुल होने के लिए 10.8 मीटर पानी की जरूरत है। डेम की क्षमता 395 मीटर है। पिछले साल सितंबर में धोलावड़ डेम फुल हो गया था। 1 सितंबर तक जलस्तर 394.70 तक पहुंचा था। वहीं, 2019 में अगस्त के महीने में

### पिछले साल से अब तक 35.8 मिमी कम बारिश

जिले में अब तक पिछले साल से 35.8 मिमी कम बारिश हुई है। पिछले साल 21 जून तक 133.9 मिमी बारिश हुई थी, अभी 98.1 मिमी बारिश हुई है। हालांकि, अब तक हुई बारिश सामान्य से ज्यादा है, क्योंकि 21 जून तक जिले की सामान्य बारिश 84.0 ही है।

### धूप निकली, 0.4 डिग्री बढ़ा दिन का तापमान

सोमवार को दोपहर में धूप निकली। अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री की कमी तो न्यूनतम तापमान में 0.6 डिग्री की कमी हो गई।

### धोलावड़ का जलस्तर

| दिनांक | जलस्तर |
|---|---|
| 1 जून | 384.50 |
| 5 जून | 384.40 |
| 10 जून | 384.25 |

# मप्र में आज टीकाकरण 16 लाख 01 हजार





| जिले | सोमवार को | अब तक कुल |
|---|---|---|
| इंदौर | 2,18,447 | 20,26,929 |
| भोपाल | 1,37,052 | 12,98,136 |
| उज्जैन | 99,840 | 7,05,085 |
| मंदसौर | 30,746 | 2,33,008 |
| आगर | 6,486 | 93,170 |
| शाजापुर | 11,987 | 1,75,794 |
| रतलाम | 37,000 | 3,25,485 |
| नीमच | 24,336 | 1,88,971 |
| देवास | 40,380 | 3,40,725 |
| सीहोर | 47,863 | 3,58,622 |
| खंडवा | 30,144 | 2,56,409 |
| झाबुआ | 8,091 | 1,19,990 |
| धार | 55,536 | 3,99,257 |
| बुरहानपुर | 23,730 | 1,90,270 |
| बड़वानी | 20,302 | 1,96,541 |
| खरगोन | 18,338 | 2,96,398 |
| आलीराजपुर | 7,221 | 91,322 |
| राजगढ़ | 48,421 | 3,18,603 |

# निगम के पास पर्याप्त अग्निशमन वाहन भी उपलब्ध नहीं- आरिफ

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम नगर के सभी झोन कार्यालय पर अग्निशमन केंद्र वाहन की व्यवस्था करने बाबद भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सलीम आरिफ ने जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम के नाम पत्र सौंपा।

पत्र में बताया कि नगर पालिक निगम लगातार भवन निर्माण एवं कॉलोनी विकसित करने की परमिशन जारी करता आ रहा है, परन्तु नगर पालिका निगम के पास अग्निशमन वाहन दो-तीन है जो कि अधिकांश समय खराब रहते हैं तथा काफी पुराने वाहन होने से उनमें आधुनिक तकनीक का भी उपयोग नहीं होता है।

रतलाम घनी बस्ती होकर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क काफी सकरी होकर अग्निकांड होने पर वहां तक पहुंचने में काफी असुविधा एवं समय लगता है। रतलाम नगर में नगर पालिका निगम को तीन झोन में बांट रखा है, परन्तु सभी झोन पर अग्निशमन की व्यवस्था नहीं की गई है।

नगर की परिस्थिति एवं सड़कों की स्थिति एवं बनावट को ध्यान में रखते हुए सभी झोन में नए अग्निशमन केंद्र स्थापित कर नई तकनीकी के अग्निशमन वाहन क्रय किए जाना आवश्यक होकर सभी झोन कार्यालय में नया स्टाफ भी भर्ती किया जाना आवश्यक है।

पत्र में मांग की है कि निगम के सभी झोन में नए अग्निशमन केंद्र स्थापित कर वाहन एवं कर्मचारियों की भर्ती की जाए, जिससे भविष्य में कोई गंभीर घटना घटित न हो।

1/2/21